# नए देश में घर

जोआन



अंत में, कार्ल एरिक और उसके परिवार ने स्वीडन से मिनेसोटा में अपने नए घर तक की अपनी लंबी यात्रा पूरी की. पर कार्ल एरिक ने पाया कि यात्रा समाप्त होने के बाद भी एक नया रोमांच उसका इंतजार कर रहा था. उसे एक नए स्कूल में पढ़ना पड़ेगा जहां पूरी पढ़ाई अंग्रेजी में ही होगी. उनके निकटतम पड़ोसी स्थानीय इंडियंस हैं. और जब उसके पिता काम करने के लिए दूर शहर की यात्रा पर होंगे तो कार्ल एरिक को घर के काम की चुनौतियों का सामना करना होगा - जिसमें परिवार को खिलाना भी शामिल होगा. क्या कार्ल एरिक कभी अपने नए देश को अपने वतन जैसा महसूस कर पाएगा.



# नए देश में घर

# 1. मिनेसोटा



कार्ल एरिक ने अपनी आँखें खोलीं और उसने उस अजीब कमरे में चारों ओर देखा.

वो अब एक सपना नहीं था.

स्वीडन से लंबी, कठिन यात्रा अब सच में समाप्त हो गई थी.

अब वो मिनेसोटा में था!

उसकी मौसी सारा उसे देखकर मुस्कुरा रही थीं.

"तुम्हें बहुत भूख लगी होगी," मौसी ने कहा.

मौसी ने उसे गर्म कॉर्नब्रेड का एक मोटा स्लाइस दिया.

फिर उन्होंने उसमें एक कप दूध डाला.

कार्ल एरिक ने बड़ी उत्सुकता से खाया-पिया. बहुत समय बाद ही उसने कुछ इतना अच्छा चखा था.

एना स्टिना अपने चचेरे भाई के करीब आई.

दो साल पहले वो अमेरिका चली आई थी. तब से उसने कार्ल को नहीं देखा था.

"क्या यह सच है कि तुम स्वीडन में पेड़ की छाल से बनी रोटी खा रहे थे?" एना ने पूछा.

"हाँ," कार्ल एरिक ने कहा. "हम स्वीडन में भूखे मर रहे थे. हमारे पास बस बस वही बचा था."



"ठीक है, अब तुम गेहूं और मक्के की रोटी, और मेपल सिरप खाओ," एना स्टिना ने खुशी से कहा. "और तुम यहाँ पर हमारे साथ तब तक रहोगे जब तक तुम अपना खुद का केबिन नहीं बना लेते. आओ, मैं तुम्हें चारों ओर दिखाती हूँ."






कार्ल एरिक बाहर अपनी चचेरी बहन के पीछे गया.

"क्या हम पड़ोसी होंगे?" उसने एना से पूछा.

"शायद हम होंगे," एना ने मुस्कुराते हुए कहा. "पापा झील के उस पार किसी अच्छी ज़मीन के बारे में जानते है. वो अब तुम्हारे पिता को वहाँ ले जा रहे हैं!"

## 2. फ्री होमस्टेड लैंड



कार्ल एरिक के पिता वैगन से नीचे कूदे.

उन्होंने हवा में एक कागज लहराया.

"मैंने एक दावा दायर किया है," वो चिल्लाए.

"मिनेसोटा की 160 एकड़ जमीन पर हमें बस एक केबिन बनाना होगा और कुछ जमीन साफ़ करनी होगी," उन्होंने कहा, "फिर पाँच साल में वो हमारी हो जाएगी!"



जिस दिन वे लोग शिविर के लिए निकले, कार्ल एरिक के पिता उसे एक तरफ ले गए.

"देखो, जब हम यहाँ नहीं होंगे," उन्होंने कहा, "तो तुम्हें ही घर की देखभाल करनी होगी. तुम्हें महिलाओं की मदद करनी होगी और जानवर पकड़ने वाले जालों की भी देखभाल करनी होगी ताकि खाने के लिए भोजन मिल सके."

"देखो लॉगिंग कैंप में काम मिल रहा है," अंकल एक्सल ने अपनी पत्नी से कहा.

"वे एक दिन की एक डॉलर मज़दूरी दे रहे हैं! मैं उनसे घोड़े खरीद सकता हूँ जिनकी हमें बहुत ज़रूरत है. और एंडर्स अपने केबिन के निर्माण के लिए कीलें और खिड़कियां खरीदने के लिए पर्याप्त पैसा कमा सकता है. लेकिन हम लंबे समय तक के लिए घर से जाएंगे."

"हम यहाँ का काम संभाल लेंगे," आंटी सारा ने कहा.



कार्ल एरिक को अपनी ज़िम्मेदारी सुनकर गर्व हुआ. लेकिन अपने पिता और चाचा के चले जाने के बाद उसे बहुत काम करना पड़ा.

उसे रोज़ाना गाय का दूध दुहना पड़ता था.



जानवरों को खिलाना पड़ता



उसे लकड़ी और पानी लाना पड़ता था.



कभी-कभी जोनास उसके साथ जाता था. हर रात कार्ल एरिक, शिकार पकड़ने का जाल बिछाता था. लेकिन हर सुबह वो उन्हें खाली पाता था.



"चिंता मत करो," आंटी सारा ने उससे कहा. "हमारे पास बहुत सारे आलू हैं."

# 3. स्कूल

बच्चों ने तेजी से सारे आलू खोदने का काम शुरू किया. क्योंकि कुछ ही दिनों में उनका स्कूल शुरू होने वाला था.

"हमारे यहाँ कोई स्कूल नहीं है" आंटी सारा ने कार्ल एरिक की माँ से कहा.

"यहाँ पर स्कूल, एक खेत से दूसरे खेत की ओर बढ़ता है. इस बार स्कूल ओल्सन के फार्म में लगेगा."



ओल्सन फार्म के लिए एक लंबी पैदल दूरी चलनी थी - झील के चारों ओर होकर और जंगल पार करके.

"देखो," एना स्टिना ने एक सुबह कहा. उसने झील के किनारे एक "टेप्पी" की ओर इशारा किया.


"हमारे निकटतम पड़ोसी वहां रहते हैं." कार्ल एरिक ने हांफते हुए कहा.

लेकिन इंडियन लोग "टेप्पी"में रहते हैं!" उसने कहा.

"और इंडियन, लोगों की खाल उतार लेते हैं!"

"तुमने यह कहां सुना?" उसने पूछा.

"स्वीडन में लोग यही कहते हैं," कार्ल एरिक ने कहा.



"पर यहाँ के लोग कहते हैं कि ओजिबवे यानि इंडियन अच्छे पड़ोसी हैं," उसकी चचेरी बहन ने कहा.

मिस लिंड दरवाजे पर इंतज़ार कर रही थीं. कार्ल एरिक ने अपनी टोपी उतारी. उसने अपनी नई शिक्षक का नमन किया और स्वीडिश में विनम्रता से उनका अभिवादन किया.

फिर उसने अंदर किसी को हंसते हुए सुना.

"यह एक अमेरिकी स्कूल है." मिस लिंड ने कहा. "यहाँ हम केवल अंग्रेजी ही बोलते हैं."



"यहाँ बैठो," मिस लिंड ने कहा.

"तुम राल्फ के साथ एक किताब साझा करोगे."



कार्ल एरिक ने स्वीडिश में पढ़ना-सीखा था. वो राल्फ की किताब के अक्षरों से कोई ऐसा शब्द नहीं बना पाया जिसे वो जानता हो.

उसने अजीब शब्दों को देखा. "बेवकूफ स्वीड," राल्फ फुसफुसाया.

जब मिस लिंड मुड़ीं, तो उसने कार्ल एरिक का एक जूता उठाया और उसने उसे खुली खिड़की से बाहर फेंक दिया.

कार्ल एरिक का चेहरा तमतमाने लगा. वो राल्फ को मारने दौड़ा.

मिस लिंड झट से मुड़ीं.

"नहीं!" वो चिल्लाईं.

"बहुत हो गया!"



कार्ल एरिक को दोपहर की छुट्टी में भी क्लास में ही रुकना पड़ा.

मिस लिंड निष्पक्ष नहीं है, उसने सोचा.

लेकिन तभी उसने कुछ देखा.

राल्फ दूसरे बच्चों के साथ नहीं खेल रहा था.

वह लकड़ी काट रहा था.

मिस लिंड ने उसे भी सजा दी थी.

एक लड़का खिड़की के पास आया.

"राल्फ का असली नाम रॉल्फ है" उसने कहा.

"वो भी हमारी तरह ही स्वीडन से है.

वो भूल गया है कि अमेरिका में नया होना कैसा लगता होगा, लेकिन मैं नहीं भूला हूँ.

मेरा नाम हेनरिक ओल्सन-हेनरी है.

लो, मेरी कुछ मेपल चीनी खाओ."

"थैंक्स!" कार्ल एरिक ने कहा. "शुक्रिया!"

कार्ल एरिक जानता था कि वो बेवकूफ नहीं था.
वो भी रॉल्फ को सबक सिखाएगा!

वो पहले से ही गणित की संख्याओं में तेज़ था. अब
वो अंग्रेजी सीखने में भी कड़ी मेहनत कर रहा था.

मिस लिंड ने उसे एक किताब उधार लेने दी.





उसने घर के लंबे रास्ते में एना स्टिना को
किताब में से पढ़ा.

अपना काम करते समय भी वो पढ़ता रहता था.





"तुम शिकार के जालों के साथ इतने चतुर नहीं हो," जोनास ने कहा.

"तुम उनकी इतनी चिंता मत करना." कार्ल एरिक ने कहा.

लेकिन जोनास शिकार के जालों के बारे में सही था. जब कार्ल एरिक ने जालों का स्थान बदला और उनमें अलग-अलग चारा लटकाया, फिर भी वो कभी कुछ भी शिकार नहीं पकड़ पाया.



एक दिन कार्ल एरिक ने अपनी माँ के लिए पढ़ा. वो केवल कुछ ही शब्दों को समझ पाईं लेकिन वो मुस्कुराईं और उन्होंने कहा कि वो एना स्टिना की तरह ही होशियार था.

उसने घर की ज़िम्मेदारी किस तरह उठाई! उसके पिता और चाचा क्या कहेंगे?

# 4. आगंतुक

दस सप्ताह का टर्म अब लगभग समाप्त हो गया था.

कार्ल एरिक अब राल्फ जितनी ही तेज़ी से अंग्रेजी पढ़ रहा था.

मिस लिंड बहुत खुश हुईं. उन्होंने कार्ल को हेनरिक की बगल में बैठने दिया.



अब दिन ठंडे और काले होते गए. जमीन पर मोटी बर्फ पड़ी.


घर के मर्दों को गए तीन महीने से अधिक समय हो गया था.



एक सुबह कार्ल एरिक को छोड़कर सभी लोग शहर गए.

वह आग और जानवरों की देखभाल करने के लिए घर पर ही रहा.

वह आग पर लकड़ियां डाल रहा था कि अचानक कमरे में अंधेरा हो गया. खिड़की को किसी ने ढंका था. कार्ल एरिक ने करीब से देखा और फिर वो हांफने लगा. उसने उस चेहरा देखा जो उसे घूर रहा था! कार्ल एरिक डर के मारे जम गया. एक इंडियन!





क्या वो इंडियन उसकी खाल उधेड़ने वाला था? कार्ल एरिक मुश्किल से ही सांस ले सका. लेकिन उसने अपना डर नहीं दिखाने की कोशिश की. वो बाहर इंडियन के पीछे-पीछे गया.



दरवाजा धीरे से खुला. इंडियन खुद को गर्म करने के लिए कमरे में आग के पास गया. फिर वो आदमी दरवाजे की ओर बढ़ा. उसने कार्ल एरिक को अपने पीछे आने का इशारा किया.

उस आदमी ने कुछ पत्थरों को उठाया और उन्हें जमीन में गाड़ दिया. वो क्या कर रहा था? कार्ल एरिक ने सोचा. फिर उस आदमी ने पत्थरों को खोदा और उन्हें खाने का नाटक किया. अचानक कार्ल एरिक समझ गया! इंडियन उनके आलू चाहता था! अब उसे क्या करना चाहिए?

कार्ल एरिक जानता था कि स्वीडन में अच्छे पड़ोसी हमेशा एक-दूसरे की मदद करते थे, और एना स्टिना ने उसे बताया था कि ओजिबवे भी अच्छे पड़ोसी थे.







उस रात कार्ल एरिक ने आंटी सारा को पूरी घटना के बारे में बताया. "तुमने बिल्कुल सही किया," उन्होंने कहा. "तुमने हमारे पड़ोसियों के साथ आलू साझा करके बड़ा अच्छा किया."



कार्ल एरिक उस आदमी को आलू के तहखाने की ओर ले गया. इंडियन ने अपना कंबल आलुओं से भरा. उसने कार्ल एरिक से कुछ कहा और उसके गोरे बालों को थपथपाया और हँसा. उसके बाद वो जंगल में वापस चला गया.

## 5. उपहार

आखिरकार स्कूल का सत्र समाप्त हो गया. फिर क्रिसमस आ रहा था!

औरतें क्रिसमस की ठीक वैसे ही तैयारी कर रही थीं जैसे वे स्वीडन में करती थीं - मोमबत्तियां बनाना, बर्तनों को खंगालना, फर्श को साफ़ करना और खाना पकाना.



कार्ल एरिक और एना स्टिना को जंगल में एक अच्छा क्रिसमस के लिए पेड़ मिला. जोनास उसे काटने के लिए उनके साथ गया. चचेरे भाइयों ने चिल्लाने की आवाज़ सुनी और ऊपर देखा.



एक इंडियन टोबोगन के सहारे पहाड़ी से लुढ़क रहा था. दो लड़के उसे पीछे से पकड़े थे. वे हँस रहे थे और चिल्ला रहे थे.



"वो हिरण हंटर और उसके बेटे हैं," एना स्टिना ने अपने चचेरे भाइयों से कहा. "ओह! यह वही इंडियन है जो आलू लेने के लिए आया था!" कार्ल एरिक ने कहा. "मैं भला उससे क्यों डरा था?"

उस रात कार्ल एरिक की मां ने घर से खजाने से भरा बड़ा "संदूक" खोला.

उसने कुछ कागज़ के दिल के आकार के टुकड़े निकाले.

"क्या तुम्हें उनकी याद हैं?" माँ ने पूछा.

"ओह हां!" जोनास ने कहा. "मैंने ही उन्हें बनाया था! क्या मैं उन्हें अपने पेड़ पर लटका सकता हूँ?"


"बेशक तुम वो कर सकते हैं," चाची सारा ने कहा.

"और फिर अन्ना स्टिना तुम्हें दिखाएगी कि कैसे पॉपकॉर्न बनाना है और उन्हें पिरोना है. बिल्कुल जैसे अमेरिकी लोग करते हैं."

कार्ल एरिक ने बाहर शोर सुना.

क्या वो उनके पिता और अंकल एक्सल हो सकते थे?

जैसे ही उसने दरवाजा खोला और बाहर देखा वैसे ही कार्ल एरिक का दिल तेजी से धड़कने लगा.





उसकी लूट किसी चीज से टकरा गई. यह मांस का एक बड़ा टुकड़ा था!

"यह कहां से आया है?" उसने पूछा. आंटी सारा ने हंसकर उसे गले से लगा लिया.

"ओह, कार्ल एरिक, क्या तुम अनुमान नहीं लगा सकते? तुमने हमारे अच्छे पड़ोसियों के साथ आलू साझा किए थे, और अब उन्होंने हमारे साथ यह मांस साझा किया है. हमारी क्रिसमस की दावत बड़ी मज़ेदार होगी!"

बर्फ पर चांदनी चमक रही थी. उसने दूर से किसी को अंधेरे जंगल में गायब होते देखा.

# 6. क्रिसमस

केबिन में देवदार की शाखाओं, ताज़ी पके हुए गेहूं की रोटी, चावल का हलवा और दालचीनी की गंध आ रही थी. "यह स्वीडिश क्रिसमस की तरह की खुशबू है," मम्मा ने आह भरी. "बड़े अफ़सोस की बात है कि एंडर्स और एक्सल इस समय हमारे साथ नहीं हैं." उन्होंने भुने हुए मांस की थाली मेज के बीच में रख दी. आंटी सारा ने प्रार्थना में परिवार का नेतृत्व किया. "भगवान हमें सुरक्षित रखने के लिए आपका बहुत शुक्रिया. कृपया हम सभी को जल्द ही एक साथ लाएं . . ."



अचानक केबिन का दरवाजा खुला.

ठंडी हवा का एक झोंका आया और बाहर दो आदमी बर्फ से ढंके खड़े थे.

"ज़रा देखो!" उनमें से एक आदमी चिल्लाया.


"हम मर गए हैं और स्वर्ग में आए हैं!"

"एंडर्स! एक्सल!" चाची सारा चिल्लाईं.

दोनों आदमियों ने अपने कोट से बर्फ हटाई.

बच्चों ने गीले जूते उतारने में उनकी मदद की.

सभी एक साथ गले मिले. वे हंस रहे थे और बातें कर रहे थे.



तब एक्सल ने मांस की बड़ी थाली देखी.

"यह क्या है?" उसने हैरान होकर पूछा.

"भुना हुआ हिरन!" उसकी पत्नी ने कहा. "आप इसके लिए कार्ल एरिक को धन्यवाद दे सकते हैं."

कार्ल एरिक शरमा गया और नीचे देखने लगा. उसने अपने खाली जालों और इंडियन को दिए आलुओं के बारे में सोचा.



"क्या?" अंकल एक्सल ने हंसते हुए कहा. "क्या उस लड़के को अपने गिलहरी के जाल में हिरण मिला?"

अगर उसके पिता और अंकल एक्सल उससे नाराज़ थे तो उससे क्या फर्क पड़ता था?

जब वो खा रहे थे तब आंटी सारा ने दोनों आदमियों को वो सब बताया जो उनकी गैरहाजरी में हुआ था. "कार्ल एरिक" उसके चाचा ने कहा, "मुझे देखो."

कार्ल एरिक ने धीरे से अपना सिर उठाया. अंकल एक्सल मुस्कुरा रहे थे!

"तुमने बहुत अच्छा काम किया," उन्होंने कहा, "तुमने हमें बहुत गौरवान्वित किया है."





"अब सोने की बारी," आंटी सारा ने कहा.

"लेकिन माँ," एना स्टिना ने कहा, "हमें अपने स्टॉकिंग्स को लटकाना है!"

"लेकिन मेरी स्टॉकिंग्स गीली नहीं है" जोनास ने कहा.

"तुम देखना!" एना स्टिना हँसी.

सुबह होते ही जोनास ने कार्ल एरिक को जगाया.

"देखो! हमारे स्टॉकिंग्स में सेब और मिठाइयाँ हैं!" जोनास चिल्लाया.





बाहर अभी भी अंधेरा था. दोनों आदमी बैलों को उठा रहे थे. उन्होंने बेपहियों वाली गाड़ी (स्लेज) को घास से भर दिया.

"इसमें चढ़ो!" चाचा एक्सल चिल्लाए, और फिर उन्होंने उनको एक भालू की खाल में लपेट दिया.

वे गहरी बर्फ में से होकर गुज़रे, उनकी बेपहियों की गाड़ी की घंटी अंधेरे जंगल में एकमात्र ध्वनि है.

अपने परिवार को आस-पास देखकर कार्ल एरिक को गर्मजोशी और खुशी महसूस हुई. उसे अपने नए देश में, घर जैसा ही महसूस हुआ.





जैसे ही वे शहर के पास आए, कार्ल एरिक ने मशालों से टिमटिमाती रोशनी देखी जो चर्च के बाहर बर्फ में गढ़ी थीं. उसने अंदर से पुराने स्वीडिश क्रिसमस भजन गाते हुए आवाजें भी सुनीं. कार्ल ने अपने नए दोस्त हेनरिक को देखा.

# लेखक का नोट

1868 और 69 के "भूख के वर्षों" के दौरान, 50,000 से अधिक स्वीडन अमेरिका आए. अधिकांश लोग शहरों में नौकरी खोजने या नए होमस्टेड अधिनियम द्वारा बनाई गई मुक्त भूमि पर खेती करने के लिए पश्चिम की ओर गए. बहुत से लोग मिनेसोटा में बस गए, जिसने उन्हें स्वीडन के जंगलों और झीलों की याद दिलाई. अक्सर वहां उनके दोस्त या परिवार होते थे जो उनकी मदद करते थे. 1870 तक कोई 20, 000 स्वीडिश-भाषी अप्रवासियों ने मिनेसोटा में अपने स्वयं के समुदायों और चर्चों का निर्माण किया था. हालांकि, अमेरिकी स्कूलों में, अप्रवासी बच्चों को कक्षा और खेल के मैदान दोनों में अंग्रेजी बोलना अनिवार्य था. समय के साथ-साथ, अन्य अप्रवासी समूहों की तरह ही स्वीडेन से आए लोगों ने अपनी नई भूमि की भाषा और रीति-रिवाजों को अपनाया, लेकिन वे अपनी मातृभूमि की भाषा और रीति-रिवाजों को पूरी तरह से कभी नहीं भूले.

समाप्त